# मूसलाधार बारिश से तबाही, 10 की मौत

## मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार

**5000 किताबें बर्बाद और सड़कों पर जलभराव**

**50 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज हवाएं चली, हुई हल्की बारिश**

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल. देशभर में मौसम ने अचानक करवट ले ली है. पश्चिमी विक्षोभ और मॉनसून के बीच, कई राज्यों में तेज हवाओं, बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है. दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश समेत कई उत्तरी राज्यों में भारी बारिश और ओले गिरने की संभावना है.**



वहीं, पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में अगले 6 दिनों तक लगातार बारिश का अलर्ट है.दक्षिण भारत की राजधानी बेंगलुरु में बुधवार रात अचानक मूसलाधार बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया. बारिश के चलते 10 लोगों की मौत हुई, 5,000 से अधिक किताबें बर्बाद हुई और सड़कों पर घंटों जाम लग गया. केआर सर्किल अंडरपास समेत कई प्रमुख अंडरपास जलमग्न हो गए. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का चेतावनी जारी की है.

मौसम की इस अचानक बदलाव ने जहां गर्मी से राहत दी, वहीं कई राज्यों में जान-माल का नुकसान भी हुआ. उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में तेज हवाओं और बिजली गिरने की घटनाएं दर्ज की गई हैं. इसी दौरान हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी ने तापमान में गिरावट लायी है.

# 'फैसले सोनिया गांधी लेंगी' : खरगे

## नेतृत्व बदलाव की अटकलों के बीच कांग्रेस में हलचल तेज

**बेंगलुरु, 30 अप्रैल** कर्नाटक की राजनीति एक बार फिर सुर्खियों में है, जहां मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही अटकलों के बीच कांग्रेस के भीतर नेतृत्व की खींचतान साफ नजर आ रही है.इसी मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बड़ा बयान दिया है, जिसने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा शुरू कर दी है.

**कर्नाटक सीएम विवाद पर सियासत जारी**

खरगे ने साफ कहा कि कर्नाटक में फिलहाल मुख्यमंत्री पद में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, लेकिन यह भी जोड़ा कि भविष्य में परिस्थितियों के अनुसार पार्टी नेतृत्व फैसला ले सकता है.उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके संबंध में होने वाले किसी भी बड़े निर्णय का अधिकार पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के पास है. कर्नाटक में 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद से ही यह चर्चा चल रही है कि कांग्रेस के भीतर सत्ता साझेदारी को लेकर कोई आंतरिक समझौता हुआ था, जिसके तहत मुख्यमंत्री पद को समय-समय पर बदला जा सकता है. इस चर्चा ने तब और जोर पकड़ लिया जब उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के समर्थकों के बीच बयानबाजी तेज हो गई.



> कर्नाटक में सत्ता को लेकर चल रही यह खींचतान अभी थमती नजर नहीं आ रही है .खरगे के बयान ने स्थिति को कुछ हद तक स्पष्ट जरूर किया है, लेकिन राजनीतिक अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है. अब सबकी नजर इस बात पर है कि कांग्रेस नेतृत्व आने वाले समय में क्या अंतिम फैसला लेता है.

# मुझे मारने कोड भाषा में संदेश भेजे

**वाशिंगटन, 30 अप्रैल.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के पूर्व निदेशक जेम्स कोमी की एक पोस्ट की आलोचना करते हुए दावा किया कि कोमी ने उनकी हत्या का खुफिया संदेश साझा किया है.

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुफिया संदेश साझा किया**



ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर 86 47वाक्यांश का उल्लेख करते हुए इसे एक माफिया शब्द (मॉब टर्म) बताया.उन्होंने दावा किया कि 86का उपयोग अपराधियों द्वारा हत्या के लिए किया जाता है, जबकि 47 का मतलब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति यानी स्वयं ट्रंप हैं.उन्होंने आरोप लगाया कि जेम्स कोमी ने समुद्र तट पर सीपियों से 86 47लिखकर उनकी हत्या का संकेत दिया है.

> गौरतलब है कि 86 शब्द का उपयोग आमतौर पर अमेरिका में किसी चीज़ को हटाने या रद्द करने के लिए किया जाता है. कोमी ने इस तस्वीर को एक राजनीतिक संदेश के रूप में साझा किया था और उन्होंने किसी भी हिंसक इरादे से इनकार किया है. इस मामले में कोमी पर 28 अप्रैल को राष्ट्रपति के जीवन को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया था. उन्होंने 29 अप्रैल को अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद उन्हें बिना किसी शर्त के रिहा कर दिया गया.श्री कोमी ने खुद को निर्दोष बताते हुए इन आरोपों को खारिज किया है.

### आज का इतिहास

- 1897- स्वामी विवेकानंद ने कोलकाता में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की.
- 1913- प्रसिद्ध हिन्दी फिल्म अभिनेता बलराज साहनी का जन्म.
- 1920- प्रसिद्ध गायक मन्ना डे का जन्म.
- 1923- भारत (चेन्नई) में पहली बार मजदूर दिवस मनाया गया.
- 1927- हिन्दी के प्रसिद्ध कवि एवं समकालीन आलोचक नामवर सिंह का जन्म.
- 1945- सोवियत लाल सेना का बर्लिन में प्रवेश.
- 1993- श्रीलंका के राष्ट्रपति रणसिंघे प्रेमदास की बम विस्फोट में मृत्यु.

# उत्साह और ऊर्जा से मिलती है सफलता

**नई दिल्ली 30 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया कि उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को सफलता की ओर अग्रसर करती है. उन्होंने संस्कृत सुभाषितम् अनिर्वेदो हि सततं सर्वार्थेषु प्रवर्तक:.करोति सफलं जन्तोः कर्म यच्च करोति सः॥ का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि निरंतर कर्मशीलता और ऊर्जा ही किसी भी कार्य को पूर्णता तक पहुँचाने में सहायक होती है.**

पीएम मोदी ने कहा कि कर्मशील और ऊर्जावान देशवासी ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं.उनके निरंतर प्रयास और परिश्रम देश के विकास, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राहें तय करते हैं.उन्होंने इस संदेश के माध्यम से युवाओं और पेशेवरों को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में हमेशा उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखें।



> प्रधानमंत्री ने बताया कि उत्साह और ऊर्जा केवल व्यक्तिगत सफलता के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति में भी अहम भूमिका निभाते हैं .निरंतर कर्मशीलता से व्यक्ति अपने लक्ष्यों को हासिल करता है और राष्ट्र के विकास में योगदान देता है .उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा और कर्मशीलता व्यक्ति को हर चुनौती से निपटने और हर संकल्प को पूरा करने में सक्षम बनाती है ।पीएम मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि उत्साह का अर्थ केवल सक्रियता नहीं है, बल्कि यह मानसिक और भावनात्मक ऊर्जा का संगम है जो व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. उनके अनुसार, यही अटूट उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी कार्य को सफल बनाने में निर्णायक भूमिका निभाता है.

## शाह आज लद्दाख में दुग्ध संयंत्र का करेंगे शिलान्यास



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल.** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को लेह में आयोजित एक कार्यक्रम में कारगिल में 10 हजार लीटर दैनिक क्षमता के एक दुग्ध संयंत्र का शिलान्यास करेंगे. इस कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी उपस्थित रहेंगे.

### एक नजर में

#### पचास करोड़ डॉलर की ईरानी क्रिप्टो सम्पत्ति जब्त

**वॉशिंगटन.** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि अमेरिका ने लगभग 50 करोड़ डॉलर की ईरानी क्रिप्टो सम्पति जब्त की है. बेसेंट ने फॉक्स बिज़नेस को बताया, हमने पहले लगभग 35 करोड़ डॉलर की क्रिप्टो सम्पति जब्त की .इसके अलावा हाल ही में दस करोड़ डॉलर और मिले थे तो हमने कुल मिलाकर लगभग आधा बिलियन डॉलर की क्रिप्टो संपत्ति जब्त की है. रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने 16 अप्रैल को कहा था कि अमरीकी वित्त मंत्रालय ने ईरान पर ज़्यादा से ज़्यादा आर्थिक दबाव डालने के लिए उसके खिलाफ ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी शुरू किया.

#### रायपुर में फर्जी आईटीसी सिंडिकेट का भंडाफोड़

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के जरिए कर चोरी करने वाले एक बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है. मेसर्स सृष्टि कंस्ट्रक्शन नामक फर्म के माध्यम से लगभग 27.80 करोड़ रुपये के संदिग्ध और फर्जी बिलिंग का मामला सामने आया है.आरोप है कि बिना किसी वास्तविक माल या सेवा की आपूर्ति के केवल कागजी दस्तावेजों के आधार पर बिल जारी किए गए.प्रारंभिक जांच में पाया गया कि इस फर्जीवाड़े के जरिए करीब 17.18 करोड़ रुपये का अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट स्वयं लिया गया, जबकि 10.62 करोड़ रुपये की आईटीसी अन्य संबंधित फर्मों को ट्रांसफर की गई.इस पूरे नेटवर्क का मुख्य संचालक रोहन तन्ना को बताया जा रहा है, जिसका पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है.

#### दस किलो हेरोइन बरामद

**अमृतसर.** पंजाब के अमृतसर में पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग व हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो अलग-अलग स्थलों से दस किलोग्राम से अधिक हेरोइन, चार अत्याधुनिक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि विशेष सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस ने अमृतसर-जालंधर हाईवे पर अड्डा मनावाला के पास से छह किलोग्राम हेरोइन बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस हैंडलर की पहचान अंतरप्रीत सिंह (सुल्तानविंड) के रूप में हुई है. डीजीपी यादव ने बताया कि अमृतसर में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने सीमा पार से संचालित ड्रग और हथियार तस्करी मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया .पुलिस ने इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4.108 किलोग्राम हेरोइन, चार अत्याधुनिक पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

#### तिहरे हत्याकांड का आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**बुलंदशहर.** 120 घंटे के भीतर पुलिस ने तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी जीतू सैनी को एनकाउंटर में मार गिराया. आरोपी पर आरोप था कि उसने अपने जन्मदिन के दौरान हुए विवाद के बाद तीन लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी थी. बताया जा रहा है कि बर्थडे पार्टी के दौरान केक लगाने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया. इसी दौरान जीतू सैनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर तीन लोगों पर हमला कर उनकी जान ले ली. घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी और पुलिस पर जल्द कार्रवाई का दबाव बढ़ गया था. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमों का गठन किया और लगातार छापेमारी की. करीब 120 घंटे की तलाश के बाद पुलिस को आरोपी की लोकेशन मिली.

**महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष पर बरसे यूपी के सीएम**

# देख सपाई बिटिया घबराई : योगी

**लखनऊ, 30 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि जो लोग जन्मजात महिला विरोधी हैं, वही आज हंगामा कर रहे हैं.**

**विधानसभा सत्र**

विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी का शासनकाल प्रदेश की जनता भली-भांति याद रखती है.उस दौर में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए थे.उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि देख सपाई बिटिया घबराई, जो उनके पुराने कार्यकाल की वास्तविकता को दर्शाता है.योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा के पास समर्थन करने का एक सुनहरा अवसर था, लेकिन उन्होंने उसका विरोध किया.उन्होंने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस दोनों ही महिला विरोधी मानसिकता से ग्रसित हैं और नारी के अधिकारों पर डाका डालने का काम करती रही हैं.



> मुख्यमंत्री ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि यदि उनमें नैतिक साहस है तो वे सदन में चर्चा में भाग लें और बताएं कि उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध क्यों किया. उन्होंने आगे कहा कि सपा और कांग्रेस को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए .साथ ही, उन्होंने अपने निंदा प्रस्ताव के संदर्भ में भी विपक्ष से माफी की मांग की. मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या विरोध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## इस साल नहीं होगी एओआर परीक्षा- सुको

**नई दिल्ली 30 अप्रैल.** उच्चतम न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त करते हुए इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है.उच्चतम न्यायालय के परीक्षा सेल ने गुरूवार को यह जानकारी दी. परीक्षा सेल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में एओआर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी. रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और पर्याप्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का निर्णय लिया है.प्रशासन का मानना है कि फिलहाल एओआर की संख्या कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त है.

# पुलिस को अपराधियों पर सख्त

**बिहार में जीरो टॉलरेंस नीति सख्त**

**बिहार 30 अप्रैल.** कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार ने बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू करने के संकेत दिए हैं.मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में यह साफ कर दिया गया कि अब पुलिस को पूरी तरह से खुली छूट दी जाएगी ताकि अपराधियों पर तेजी से और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। हाल के दिनों में सिवान और भागलपुर में हुए एनकाउंटर मामलों ने राज्य में कानून-व्यवस्था की सख्ती को और स्पष्ट कर दिया है.इन घटनाओं के बाद सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति को और मजबूती से लागू करने का निर्णय लिया है. नेताओं का कहना है कि अब अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है—या तो वे अपराध छोड़ दें या राज्य छोड़ दें. सरकार का दावा है कि इस नई रणनीति से बिहार में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा.हालांकि, अब असली परीक्षा इस बात की होगी कि इन सख्त निर्देशों का जमीनी स्तर पर कितना असर दिखाई देता है और क्या वाकई अपराध पर नियंत्रण पाया जा सकेगा या नहीं।



> सरकार ने यह भी तय किया है कि पुलिसिंग सिस्टम को तकनीक से जोड़ा जाएगा .निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एआई, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग बढ़ाया जाएगा .इससे अपराधियों की पहचान और कार्रवाई दोनों तेज और सटीक हो सकेगी. इसके अलावा भ्रष्टाचार पर भी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है .अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

## 5 मई को भारत आएंगे वियतनाम के राष्ट्रपति

**नई दिल्ली 30 अप्रैल.** वियतनाम के राष्ट्रपति टो लाम पांच मई को भारत की तीन दिन की राजकीय यात्रा पर आएंगे.वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव टो लाम की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है.उनके साथ वियतनाम सरकार के कई मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है. इसके अलावा वियतनाम के राष्ट्रपति के साथ एक सशक्त व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगा। इस वर्ष अप्रैल में वियतनाम के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद टो लाम की यह भारत की पहली राजकीय यात्रा होगी.

# डीआरएम ने किया एनआईडी का दौरा

## पार्सल ट्रॉली एवं रेलवे उपकरण डिज़ाइनों का किया निरीक्षण

**अहमदाबाद, 30 अप्रैल.** मंडल रेल प्रबंधक, अहमदाबाद, वेद प्रकाश ने दिनांक 30 अप्रैल 2026 को नेशनल इंस ऑफ डिजाइन (एनआईडी), अहमदाबाद परिसर का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने संस्थान के संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद किया तथा विभिन्न डिज़ाइन प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया ।रेलवे बोर्ड एवं एनआईडी, अहमदाबाद के संयुक्त सहयोग से वर्ष 2015 में स्थापित रेलवे डिज़ाइन सेंटर भारतीय रेलवे में नवाचार को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों द्वारा विकसित डिज़ाइन समाधानों को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यरत है। इस सहयोग को वर्ष 2025 में पुन: विस्तारित करते हुए वर्ष 2035 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है.दौरे के दौरान डीआरएम ने पार्सल प्रबंधन, स्टेशन संचालन एवं यात्रियों की सुविधा से जुड़े विभिन्न डिज़ाइन समाधानों का निरीक्षण किया. विशेष रूप से स्थानीय स्तर पर विकसित पार्सल ट्रॉली एवं संबंधित उपकरणों के डिज़ाइन प्रस्तुत किए गए, जिनमें आधुनिक स्वरूप, उपयोग में सरलता तथा लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।




**राजनाथ सिंह बोले** — **आतंकी घटनाओं पर भारत का सख्त रुख**

# आतंकवाद का कोई भी कृत्य स्वीकार्य नहीं

**नई दिल्ली 30 अप्रैल.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है.

सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा.उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमलों और ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया. उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसिकता से उत्पन्न होता है.यह मानवता पर एक काला धब्बा है.आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है.यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है.हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है.' रक्षा मंत्री ने कहा कि जब तक आतंकवाद मौजूद रहेगा, यह सामूहिक शांति, विकास और समृद्धि को चुनौती देता रहेगा. उन्होंने कहा, 'आतंकवाद को धार्मिक रंग देकर या इसे नक्सलवाद जैसी हिंसक विचारधारा से जोड़कर उचित ठहराने के प्रयास किए जाते हैं.यह अत्यंत खतरनाक है और एक प्रकार से आतंकवादियों को आड़ प्रदान करता है ताकि वे धीरे-धीरे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकें.आतंकवाद केवल राष्ट्र-विरोधी कृत्य नहीं है, इसके कई आयाम हैं—संचालनात्मक, वैचारिक और राजनीतिक. श्री सिंह ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान दोनों ने एक ही समय पर स्वतंत्रता प्राप्त की थी. हालांकि आज भारत को विश्व स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है, जबकि पाकिस्तान को एक अलग प्रकार के आईटी यानी 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद' का केंद्र माना जाता है.'



> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सशस्त्र बलों की एकजुटता और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया .उन्होंने कहा कि भारतीय थल सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना ने एकजुट होकर और एकीकृत योजना के तहत कार्य किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत की सैन्य शक्ति अब अलग-अलग हिस्सों में काम नहीं करती, बल्कि यह एक संयुक्त, एकीकृत और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरी है.

## सीआईएसएफ जवान समेत तीन की मौत

**खगड़िया, 30 अप्रैल.** बिहार में खगड़िया जिले के महेशखूट थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह ऑटो रिक्शा और डंफर के बीच हुई टक्कर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जवान समेत तीन लोगों की मौत हो गयी. पुलिस ने बताया कि सीआईएसएफ जवान बिपिन कुमार अपनी पत्नी दीपमाला चौरसिया के साथ बड़ी मालिया गांव से मानसी स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिये ऑटो रिक्शा से जा रहे थे. इस दौरान गौछारी पेट्रोल पंप के समीप राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 31 पर ऑटो रिक्शा और डंफर के बीच टक्कर हो गयी. इस दुर्घटना में आईएसएफ के जवान बिपिन कुमार, उनकी पत्नी दीपमाला चौरसिया और ऑटो रिक्शा चालक कैलाश मुनि की मौके पर ही मौत हो गई.

**MOIL LIMITED**
(A Government of India Enterprise)
MOIL BHAWAN, 1-A, KATOL ROAD, NAGPUR - 440 013
Website: www.moil.nic.in, E-mail: compliance@moil.nic.in
Telefax: 0712-2591661, CIN: L99999MH1962GOI012398

**Extracts of audited financial results for the quarter and year ended 31st March, 2026**

(₹ in lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended 31.03.2026 Audited | Quarter ended 31.03.2025 Audited | Year ended 31.03.2026 Audited | Year ended 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | 44449.08 | 43339.02 | 147283.82 | 158494.09 |
| 2. | Net Profit/(loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items) | 11435.24 | 12523.54 | 33784.01 | 48678.21 |
| 3. | Net Profit/(loss) for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 11435.24 | 12523.54 | 33784.01 | 48678.21 |
| 4. | Net Profit/(loss) for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items) | 9261.30 | 11565.09 | 26747.97 | 38163.71 |
| 5. | Total comprehensive income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 6435.63 | 5253.24 | 21256.84 | 31851.56 |
| 6. | Equity share capital (Face value of ₹10 each) | 20348.52 | 20348.52 | 20348.52 | 20348.52 |
| 7. | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Balance Sheet | 250576.29 | 243441.32 | 250576.29 | 243441.32 |
| 8. | Earnings per share from continuing operations (Face value of ₹10 each) | | | | |
| | Basic | 4.55 | 5.68 | 13.14 | 18.76 |
| | Diluted | 4.55 | 5.68 | 13.14 | 18.76 |

Notes:
1. The above results, reviewed by the Audit Committee, have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 29th April, 2026 and have been reviewed by Statutory Auditors of the company. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
2. The above is an extract of the detailed format of financial results for the quarter and year ended 31st March, 2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Financial results in detailed format are available on the websites of Stock Exchanges (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and on the Company's website (**www.moil.nic.in**).
3. MOIL has no subsidiary/associate/joint venture company as on 31st March, 2026.
4. Previous period's figures have been regrouped/reclassifed, wherever necessary to make them comparable. The figures for the quarter ended 31st March, 2026/2025 are balancing figures between the audited figures of full year and reviewed figures upto 31st December, 2025/2024.

Scan QR Code for detailed Results

Place: Nagpur
Date : 29th April, 2026

For MOIL Limited
Sd/-
Vishwanath Suresh
Chairman-cum-Managing Director
DIN : 10059734

हर एक काम, देश के नाम ▪ MOIL - Adding Strength to Steel